पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2015-17 प्रकाशितः 01.02.2016 इस अंक का मूल्य 2 रुपये




।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-*110007*, चलभाष : 9810117464, 9868002130

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में
**192 वां महर्षि दयानन्द जन्मोत्सव**
शुक्रवार, 4 मार्च 2016
प्रातः 11 से 2 बजे तक
कान्सटिट्यूशन क्लब, रफी मार्ग, नई दिल्ली
आप सपरिवार सादर आमन्त्रित हैं
–अनिल आर्य, संयोजक

वर्ष-32 अंक-15 माघ-2072 दयानन्दाब्द 191 01 फरवरी से 15 फरवरी 2016 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशितः 01.02.2016, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

# तीन दिवसीय ''अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन'' का भव्य समापन

## पर्यावरण शुद्धि यज्ञ में मुस्लिम दम्पतियों ने आहुति देकर दिया साम्प्रदायिक सद्भाव का सन्देश

### पूरे देश में गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाओ-**आर्य नेता सत्यव्रत सामवेदी**

### जातिवादी आरक्षण समाप्त कर आर्थिक आधार पर हो लागु-**अनिल आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष**




ठाकुर विक्रम सिंह जी का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, डा.जयेन्द्र आचार्य, स्वामी दिव्यानन्द सरस्वती, महेन्द्र भाई,सन्तराम आर्य। द्वितीय चित्र–चौ. लाजपतराय आर्य (करनाल) का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, स्वामी दिव्यानन्द जी (हरिद्वार), स्वामी विश्वानन्द जी(मथुरा), डा. जयेन्द्र आचार्य (नोएडा), बलराज मलिक (हिसार) व रविन्द्र मेहता।

नई दिल्ली। रविवार, 7 फरवरी 2016, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में गत तीन दिन से अजमल खां पार्क, करोल बाग, नई दिल्ली में चल रहे ''अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन'' का भव्य समापन हो गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रान्तों से लगभग 3000 आर्य प्रतिनिधि सम्मलित हुए। सम्मेलन के अन्तर्गत प्रातः 9.00 बजे से रात्री 9.30 बजे तक निरन्तर 11 सत्र चले जिसमें मुख्य रूप से ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ यात्रा'', 251 कुण्डीय पर्यावरण शुद्धि यज्ञ, राष्ट्रीय आर्य महिला सम्मेलन, व्यायाम शक्ति प्रदर्शन, राष्ट्रीय युवा सम्मेलन, वेद–संस्कृत रक्षा सम्मेलन, गौ रक्षा–राष्ट्र रक्षा सम्मेलन, संगीत संध्या, राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन, शिक्षा–संस्कृति रक्षा सम्मेलन आदि मुख्य रहे। सम्मेलन में कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्ध जनजागरण, तम्बाकू, मांसाहार, नशा मुक्त समाज की संरचना, युवा पीढ़ी को संस्कारित करने हेतु शिविर, आंतकवाद के विरूद्धअभियान और समाज में बढ़ते पाखण्ड अन्धविश्वास के विरूद्ध तीव्र गति से अभियान चलाने का आर्य जनों को आह्वान किया गया। पूरे देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध, समलैंगिता को अपराध की श्रेणी में ही रखने, धारा 370 समाप्त करने, आरक्षण जातिवाद आधारित समाप्त कर आर्थिक आधार पर करने के प्रस्ताव पारित किये गये। संस्कृत को पुनः सम्मान देने के लिये केन्द्रीय मन्त्री श्रीमती स्मृति ईरानी व हरियाणा के मुख्यमन्त्री मनोहरलाल खट्टर का गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने पर धन्यवाद ज्ञापन किया गया। समारोह का संचालन परिषद् अध्यक्ष डा.अनिल आर्य ने किया।

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यव्रत सामवेदी ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावों के समय गौ मांस निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने का वादा किया था, लेकिन वह अभी तक पूरा नहीं कर पाये उसे उन्हें अविलम्ब पूरा करना चाहिये। पूरे देश में गौ हत्या पूर्ण प्रतिबन्ध लगा कर गौ हत्यारों को कड़ी सजा का प्रावधान करना चाहिये।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य ने कहा कि जातिवाद आधारित आरक्षण देश की एकता में बाधक है, इसे समाप्त कर आर्थिक आधार पर लागु किया जाये । डा.आर्य ने कहा कि जम्मु कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर उसे पूरे देश की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य शीघ्र होना चाहिये। साथ ही डा.आर्य ने समलैंगिता को अपराध की श्रेणी में रखने की मांग करते हुए इसे भारतीय संस्कृति व सामाजिक मूल्यों पर कुठाराघात बताया।

251 कुण्डीय पर्यावरण शुद्धि यज्ञ के ब्रह्मा डा.जयेन्द्र आचार्य ने कहा कि आज पूरा विश्व पर्यावरण के लिये चिन्तित है, केवल वैदिक यज्ञ से ही हम वायु मण्डल को शुद्ध कर सकते हैं केन्द्र व राज्य सरकारों को बड़े बड़े यज्ञ करवाने की और ध्यान देना चाहिये तभी हम इस समस्या का निदान कर




वैदिक विद्वान आचार्य अखिलेश्वर जी का अभिनन्दन करते सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी, डा. अनिल आर्य, आचार्य नीरज व महेन्द्र भाई। द्वितीय चित्र–आर्य महासम्मेलन के पण्डाल का सुन्दर दृश्य।

सकेगे। यज्ञ में भारी संख्या में मुस्लिम दम्पतियों ने भाग लेकर साम्प्रदायिक सदभावना का परिचय दिया।

विश्व हिन्दु परिषद् के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने हिन्दु समाज को बारे में गलत इतिहास पढाये जाने को ठीक करने की मांग की। आचार्य प्रेमपाल शास्त्री ने कहा कि आर्य लोग ही इस देश के मूल निवासी थे, इसे नयी पीढ़ी को सही पढ़ाये जाने की आवश्यकता है। स्वामी दिव्यानन्द सरस्वती (हरिद्वार) ने अपने दैनिक काम काज में हिन्दी भाषा को अपनाने पर बल दिया, हिन्दी हमारी राष्ट्रीय एकता की मूलाधार है।

इस अवसर पर पूर्व महापौर महेश शर्मा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष मांगेराम गर्ग, स्वामी चन्द्रवेश, स्वामी विश्वानन्द (मथुरा), राष्ट्रीय महामन्त्री महेन्द्रभाई, सुमितआर्य (लुधियाना), सूर्यदेवआर्य (जीन्द), रामनिवासआर्य (पानीपत), रामकुमार सिंह, दुर्गेश आर्य, सुरेश आर्य, प्रवीन आर्य (गाजियाबाद), आचार्यधनेश्वर बेहरा (उड़ीसा), वीरेन्द्र योगाचार्य (फरीदाबाद), गोबिन्द सिंहभण्डारी (बागेश्वर), डा. सोमदतशास्त्री (चण्डीगढ़), नरेन्द्रसुमन, सुभाष बब्बर (जम्मू), मित्रमहेश आर्य (अहमदाबाद), भानु प्रताप वेदालकांर (इन्दौर), डा. वीरपाल विद्यालंकार, आनन्द आर्य (हापुड़), सत्येन्द्र मोहन कुमार, स्वतन्त्र कुकरेजा (करनाल), राजेश्वरमुनि (कैथल),राम कृष्ण शास्त्री (बहरोड़), ईश आर्य, बलराज मलिक, (हिसार), बहिनपूनम – प्रवेश (रोहतक), यशपालयश (जयपुर), गवेन्द्रशास्त्री, ओमसपरा, अश्वनी आर्य (नरवाना), मदनलाल तनेजा, देवेन्द्र भगत, श्रीकृष्ण दहिया आदि वैदिक विद्वानों ने उद्बोधन दिए। पूरा करोल बाग क्षेत्र ओउम् ध्वजों से केसरिया रंग में रंगा हुआ था।

शनिवार 6 फरवरी को प्रातः यज्ञ डा. जयेन्द्र आचार्य ने करवाया। ठाकुर विक्रम सिंह जी ने ओउम् ध्वज फहराया । राष्ट्रीय आर्य युवा सम्मेलन में पुलिस उपायुक्त ज्ञानेन्द्र अवाना मुख्य अतिथि रहे। आचार्य वीरेन्द्र विक्रम, राजकिशोर शास्त्री (लखनउ), आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, रामकृष्ण शास्त्री (बहरोड़), ब्र.दीक्षेन्द्र (रोहतक), विजय गुप्त, कवि, आचार्य पवनवीर शास्त्री, आचार्य धनेश्वर बेहरा (उड़ीसा), मित्रमहेश आर्य (अहमदाबाद), अशोक तिवारी (बलरामपुर) के उदबोधन हुए। महिला सम्मेलन की अध्यक्षता प्रि. अन्जु महरोत्रा ने की व संचालन उर्मिला आर्या ने किया। डा. रचना विमल दूबे, रचना आहुजा, माता शीला ग्रोवर, बहन पूनम–प्रवेश, रोहतक, गायत्री मीना (नोएडा), विम्मी अरोड़ा, कविता रानी आदि ने अपने विचार रखे। शाम व्यायाम शक्ति प्रदर्शन में मुख्य अतितथि डी.सी.पी श्री महेश बत्रा ने आशीर्वाद प्रदान किया। योगेन्द्र आर्य व सौरभ गुप्ता के निर्देशन में आकर्षक व्यायाम प्रदर्शन दिखाये गये। रात्री सत्र– गौ रक्षा–राष्ट्र रक्षा सम्मेलन में अध्यक्षता पूर्व महापौर महेश शर्मा ने की व संचालन कीर्ति शर्मा (प्रधान, आर्य समाज करोल बाग) ने किया। स्वामी विश्वानन्द जी, आचार्य योगेन्द्र शास्त्री, राष्ट्रीय कवि सारस्वत मोहन मनीषी के प्रेरक उद्बोधन हुए। शिक्षा संस्कृति रक्षा सम्मेलन में डा. धर्मपाल आर्य (पूर्व कुलपति गुरूकुल कांगड़ी), यशपाल यश (जयपुर) के प्रेरक प्रवचन हुए। आर्य नेता अमरनाथ गोगिया को आजीवन सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आचार्य गंगाशरण आर्य की चित्र प्रदर्शनी की सभी ने सराहना की।

शिक्षाविद् डा. अशोक कुमार चौहान, आनन्द चौहान, दर्शन अग्निहोत्री, रवि चड़डा, रविदेव गुप्ता, अरूण बंसल, प्रदीप तायल, चौ.लाजपतराय आय (करनाल), समाज सेवी सुरेन्द्र कोहली, डा. रिखबचन्द जैन, ठाकुर विक्रम सिंह, अन्जु जावा, अमीरचन्द रखेजा, नीता खन्ना, प्रवीन आर्य (गाजियाबाद), योगराज अरोड़ा आदि का विशेष सहयोग रहा। विपरीत परिस्थितियों के बावजुद आर्य महासम्मेलन अपने में कई खट्टे मीठे अनुभव देता हुआ सफल रहा, आर्य समाज में आई शून्यता को भरने का कुछ प्रयास आर्य युवाओं का रहा।

अन्त में परमपिता परमात्मा का धन्यवाद करते हुए सभी शुभचिन्तकों व सहयोगी जनों का हृदय से आभार व्यक्त करता हुं। सम्मेलन ओर भी अधिक उंचाईयों को प्राप्त कर सकता था यदि हिन्दु समाज में परम्परागत अहम, नाम, द्वेष भावना, आपसी फूट, नकारात्मक प्रचार का रोग न होता। अस्तु ईश्वर सबका भला करे ओर सदबुद्विप्रदान करे। 4 फरवरी से 7 फरवरी तक प्रातः से रात्री तक निरन्तर ऋषि लंगर का प्रबन्ध चलता रहा सुन्दर प्रबन्ध के लिये विश्वनाथ आर्य, ओमबीर सिंह,अरूण आर्य आदि बधाई के पात्र हैं।

# युवा संन्यासी स्वामी श्रद्धानन्द का अभिनन्दन व आर्य महिला सम्मेलन सम्पन्न




युवा संन्यासी स्वामी श्रद्धानन्द जी (पलवल) का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, स्वामी चन्द्रवेश जी, स्वामी आर्यवेश जी, आचार्य नीरज शास्त्री। द्वितीय चित्र–आर्य महिला सम्मेलन में आर्य नेत्री संध्या बजाज, लक्ष्मी सिन्हा, अनिता कुमार, उर्मिला आर्या, राज मल्होत्रा, प्रि. अन्जु महरोत्रा, कविता आर्या व तृप्ता आहुजा।

# आर्य महासम्मेलन का करोल बाग में बेटी बचाओ शोभा यात्रा से शुभारम्भ

## संस्कृत व्यवहार में लाने से ही वेद की रक्षा होगी- **स्वामी आर्य वेश (प्रधान, सार्वदेशिक सभा)**

शुक्रवार, 5 फरवरी 2016, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् नई दिल्ली के 37 वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन,अजमल खां पार्क करोल बाग,दिल्ली में सम्बोधित करते हुए सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्य वेश ने कहा कि यदि विश्व की सबसे प्राचीनतम पुस्तक वेद की रक्षा करनी है तो हमें संस्कृत सीखनी व सिखानी होगी अन्यथा कैसे रक्षा कर पाओगे। उन्होंने कहा कि वैदिक संस्कृति पर हमें गर्व करना चाहिये यह सबको जोड़ने का कार्य करती है तोड़ने का नहीं। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य ने कहा कि वेदों के पठन पाठन से ही विश्व का कल्याण सम्भव है।

प्रधानमन्त्री के सन्देश ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' के जनजागरण के लिये विशाल शोभायात्रा का आयोजन करोल बाग, माडल बस्ती, बीडनपुरा क्षेत्र में किया गया। रैली में हजारों आर्य बन्धुओं ने भाग लेकर राष्ट्र रक्षा के लिए व आंतकवाद के विरूद्वसंघर्ष करने की शपथ ली जिसका नेतृत्व आर्य संन्यासी स्वामी दिव्यानन्द सरस्वती, स्वामी आर्यवेश जी, डा. अनिल आर्य, स्वामी प्रणवानन्द जी, स्वामी धर्ममुनि जी, आचार्य अखिलेश्वर जी, स्वामी श्रद्धानन्द जी आदि गणमान्य नेता कर रहे थे। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में आर्य युवक, गुरूकुलों के ब्रह्मचारी लाठी, तलवार, जूडो–कराटे, गतका आदि का भव्य व्यायाम प्रदर्शन करते हुए शोभा बढ़ा रहे थे। पैदल आर्य नर नारियों के जत्थे एवम्, स्कुटर,मोटर साईकिल सवार,कारों,टैम्पो में चल कर राष्ट्रीय एकता व अखण्डता का सन्देश देते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का मार्ग में आर्य समाज, गुरूद्वारा, सनातन धर्म मन्दिर, आर. डब्लयु. ए. आदि विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से स्थान स्थान पर भव्य स्वागत किया गया। आर्य युवकों के व्यायाम प्रदर्शन का संचालन शिक्षक योगेन्द्र शास्त्री, अरूण आर्य, सौरभ गुप्ता, प्रदीप, आशीष, माधव सिंह, गौरव, राकेश आदि कर रहे थे। केसरिया पगड़ियां, टोपियो, ''ओउम्'' घ्वजों के साथ शोभायात्रा की शोभा देखते ही बनती थी। पूरा 5 किलोमीटर का करोल बाग का क्षेत्र केसरिया ओउम् के झण्डों व स्वागत द्वारों, बैनरों से केसरिया रंग में रंगा हुआ था। शोभा यात्रा का उद्घाटन ''ओउम्'' ध्वज दिखा कर डा. रिखबचन्द जैन(प्रदेश अध्यक्ष,विश्व हिन्दु परिषद्) ने किया।

वेद व संस्कृत रक्षा सम्मेलन में अर्चना गुप्ता (अध्यक्ष, करोल बाग, दि. न. नि.) व पार्षद पूर्णिमा विद्यार्थी,स्वामी दिव्यानन्द जी, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार (इन्दौर), स्वामी चन्द्रवेश जी, स्वामी श्रद्धानन्द जी, आचार्य पवनवीर शास्त्री (मेरठ), प्रवीन आर्य, डा. वीरपाल विद्यालंकार (गाजियाबाद) आदि ने विचार रखे। संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार का सहयोग रहा। समारोह की अध्यक्षता आर्य नेता श्री मायाप्रकाश त्यागी ने की व ध्वजारोहण समाजसेवी सुरेन्द्र कोहली ने किया। आर्य नेता अमरनाथ गोगिया,गोपाल जैन,आदर्श आहुजा,प्रदीप गोगिया,ऋषिपाल शास्त्री,कीर्ति शर्मा,दुर्गेश आर्य,सुरेश आर्य, अनिता कुमार, कमल आर्य, प्रि. आरती गोगिया, जितेन्द्र जत्तो (हिन्दु मंच) आदि उपस्थित थे, मुख्य यज्ञमान सुरेन्द्र मानकटाला, राजीव कांत, लालरामचन्दानी बने। रात्री सत्र में रात 10 बजे तक पं. रामनिवास आर्य (पानीपत), नरेन्द्र आर्य सुमन व अंकित उपाध्याय की संगीत संध्या का आनन्द लिया। श्री हरिमोहन शर्मा बब्बु ने अध्यक्षता की।

# पर्यावरण शुद्धि के लिये 251 कुण्डीय विराट यज्ञ सम्पन्न

## स्थायी समाधान केवल यज्ञ से ही होगा वायु मण्डल शुद्ध, ओड ईवन कोई समाधान नहीं




ब्रह्मा डा. जयेन्द्र आचार्य यज्ञ करवाते हुए, साथ में स्वामी दिव्यानन्द जी व स्वामी विश्वानन्द जी व गुरूकुल नोएडा के ब्रह्मचारी। राष्ट्रीय महामन्त्री महेन्द्र भाई ने कुशलतापूर्वक यज्ञ व्यवस्था सम्भाली। डा. रमाकांत गुप्ता, ओमप्रकाश नागिया, सुरेश आर्य, यशपाल चावला, करूणा चान्दना मुख्य यज्ञमान बने।

## आर्य नेता दर्शन अग्निहोत्री, सुरेन्द्र मानकटाला व स्वामी आर्यवेश का अभिनन्दन





यज्ञ प्रेमी, दानवीर श्री दर्शन अग्निहोत्री का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य व डा. जयेन्द्र आचार्य जी, साथ में ईश आर्य (हिसार)। द्वितीय चित्र–श्री सुरेन्द्र मानकटाला का अभिनन्दन करते आचार्य अखिलेश्वर जी, स्वामी आर्यवेश जी,डा. अनिल आर्य। तृतीय चित्र–सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, वेदप्रकाश आर्य व महेन्द्र भाई।

## करोल बाग क्षेत्र ओ३म् के जयकारों से गूंज उठा, हर ओर हुई दयानन्द की जय जयकार





''बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ'' शोभा यात्रा का नेतृत्व करते स्वामी आर्यवेश जी, डा. अनिल आर्य, स्वामी दिव्यानन्द जी, डा. वीरपाल विद्यालंकार, प्रकाशवीर शास्त्री, कै. अशोक गुलाटी, ऋषिपाल खोखर, सोहनलाल मुखी, प्रवीन आर्या, आस्था आर्या आदि। द्वितीय चित्र–स्वागत करते हुए सिख बन्धु।

## श्री सुरेन्द्र कोहली को मिला सन्तों का आशीर्वाद व गोबिन्दसिंह भण्डारी का अभिनन्दन




समाजसेवी श्री सुरेन्द्र कोहली का अभिनन्दन–साथ में डा.अनिल आर्य,सन्तराम,स्वामी चन्द्रवेश जी,स्वामी श्रद्धानन्द जी, स्वामी आर्यवेश जी,आचार्य अखिलेश्वर जी,स्वामी धर्ममुनि जी। द्वितीय चित्र–उतराखण्ड आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री गोबिन्दसिंह भण्डारी (बागेश्वर) का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य व प्रवीन आर्य (प्रदेश महामन्त्री-उ.प्र.)

## डा.रिखबचन्द जैन का अभिनन्दन व सर्द हवाओं-वर्षा में भी आर्यो में पूरा जोश व उत्साह




विश्व हिन्दू परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष डा.रिखबचन्द जैन का अभिनन्दन करते आचार्य अखिलेश्वर जी,स्वामी आर्यवेश जी,स्वामी श्रद्धानन्द जी,स्वामी चन्द्रवेश जी,डा.अनिल आर्य व प्रवीन आर्य। द्वितीय चित्र में पण्डाल में उपस्थित आर्य जन। कवि जय सिंह आर्य जय की कविताओं ने जोश पैदा कर दिया।

# आर्य समाज सेवी सुभाष चान्दना का अभिनन्दन व आजीवन सेवा पुरस्कार से अमरनाथ गोगिया सम्मानित





आर्य समाज मालवीय नगर, नई दिल्ली के कर्मठ सदस्य श्री सुभाष चान्दना का स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य व पुलिस उपायुक्त ज्ञानेन्द्र अवाना। द्वितीय चित्र–आर्य समाज,माडल बस्ती,दिल्ली के प्रधान श्री अमरनाथ गोगिया को ''लाईफ टाईम अचीवमेन्ट अवार्ड'' से सम्मानित किया गया। साथ में आरती,प्रदीप गोगिया,ओम सपरा,प्रेमपाल शास्त्री,सत्यव्रत सामवेदी,आदर्श आहुजा व डा.अनिल आर्य।

# पुलिस उपायुक्त महेश बत्रा का अभिनन्दन व यज्ञ प्रेमी मुस्लिम महिलाओं का स्वागत




दिल्ली पुलिस मुख्यालय में उपायुक्त श्री महेश बत्रा का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, पूर्व ए.सी.पी. श्री एस.के.आहुजा,वेदप्रकाश आर्य। द्वितीय चित्र–यज्ञ में श्रद्धापूर्वक आहुति देने वाले मुस्लिम दम्पतियों का स्वागत करते स्वामी दिव्यानन्द जी,डा.अनिल आर्य, सुरेश आर्य, महेन्द्र भाई व लालरामचन्दानी।

# भाजपा नेता मांगेराम गर्ग व विश्व हिन्दु परिषद् के ओमप्रकाश सिंघल का अभिनन्दन




दिल्ली प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री मांगेराम गर्ग का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, ओम सपरा (मैट्रो पोलटेन मैजिस्ट्रट), जीवनलाल आर्य व गोपाल जैन। द्वितीय चित्र–विश्व हिन्दु परिषद् के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश सिंघल का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य, स्वामी नकुलदेव (उड़ीसा), डा.महेश शर्मा (पूर्व महापौर), गोपाल जैन व कीर्ति शर्मा।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष की युवा टीम व पुलिस उपायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र अवाना का स्वागत




परिषद् अध्यक्ष डा.अनिल आर्य के साथ युवा टीम में–प्रदीप गोगिया,राकेश आर्य,अरूण आर्य,सौरभ गुप्ता, प्रदीप आर्य,आचार्य सतीश सत्यम व माधवसिंह आर्य। द्वितीय चित्र–दिल्ली पुलिस मुख्यालय में उपायुक्त श्री ज्ञानेन्द्र अवाना का अभिनन्दन करते स्वामी दिव्यानन्द जी,आचार्य वीरेन्द्र विक्रम व डा.अनिल आर्य।

## उज्जैन कुम्भ मेले में वेद प्रचार शिविर

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् मध्य प्रदेश के तत्वावधान में उज्जैन कुम्भ मेले में स्थानः प्लाट न. 577, दत अखाड़ा क्षेत्र, उज्जैन में दिनांक 22 अप्रैल से 21 मई 2016 तक वेद प्रचार शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः सायं यज्ञ व भजनों का कार्यकम रहेगा। आप सभी सादर आमन्त्रित हैं।

–आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार–9977987777 पर सम्पर्क करें।

## शोक समाचारः विनम्र श्रद्धांजलि

1. आचार्य बलदेव जी (दयानन्द मठ, रोहतक) का निधन।
2. मा.सोमनाथ आर्य (प्रधान, आर्य केन्द्रीय सभा गुड़गांव) का निधन।
3. श्री राजकुमार शर्मा (प्रधान, आर्य समाज, रेलवे रोड़, शकूर बस्ती, दिल्ली) का निधन।
4. श्री प्रेमचन्द गर्ग (पिता डा.डी.के.गर्ग,दनकौर) का निधन।
5. श्री लालचन्द आहूजा, संस्थापक आर्य समाज गुड़मण्डी, दिल्ली का निधन।

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970